शादी से लौट रहे किसान की 'हिट एंड रन' में मौत

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 अप्रैल. मोहना थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहाँ एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार किसान को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और गंभीर रूप से घायल किसान ने अस्पताल पहुँचने से पहले ही दम तोड़ दिया।

तड़के 3:30 बजे हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार, मोहना के ग्राम कैमारी निवासी 55 वर्षीय गंधर्व सिंह रावत पुत्र भाग सिंह रावत पेशे से किसान थे। बीते सोमवार को वह अपने एक रिश्तेदार के यहाँ शादी समारोह में शामिल होने गए थे। मंगलवार तड़के करीब 3:30 बजे जब वह अपनी स्कूटी से वापस घर लौट रहे थे, तभी दौरार रोड स्थित क्वालिटी ढाबा के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

इनका कहना है..
शादी से लौटकर घर जा रहे किसान को अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मारी है। हादसे में किसान की मौत हो गई है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
रशिद खान, थाना प्रभारी, मोहना

अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम

हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर मोहना थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची। पुलिस के अनुसार, जब किसान को सड़क से उठाया गया तब उनकी सांसें चल रही थीं। पुलिस ने बिना वक्त गंवाए उन्हें उपचार के लिए अस्पताल रवाना किया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। डॉक्टरों ने अस्पताल पहुँचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी वाहन की पहचान की जा सके।

राजस्थान ने रोका पंजाब किंग्स की जीत का रथ

नवभारत न्यूज

मुल्लापुर 28 अप्रैल. आईपीएल 2026 के 40वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को उसके घर में घुसकर 6 विकटों से रौंद दिया और अब तक अजेय रही टीम के घमंड को मिट्टी में मिला दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब की टीम ने 223 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे राजस्थान ने 19.4 ओवर में हासिल कर लिया।

मुल्लापुर में खेले गए इस मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने के मौके को पंजाब किंग्स ने खूब भुनाया। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्या 11 गेंदों में 29 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर आउट हुए। इसके बाद प्रभसिमरन सिंह ने 35 गेंदों में अर्धशतक जड़ते हुए 44 गेंदों में 59 रन बनाए। कूपर कोनोली ने 14 गेंदों में 30 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली जिससे रन रेट मेंटेन रहा। आज के मैच में कप्तान श्रेयस अय्यर रन बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आए और 27 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हुए। मार्कस स्टोइनिस ने शानदारि फिनिशिंग टच देते हुए बृजेश शर्मा के आखिरी ओवर में 24 रन जड़े। उन्होंने 2024 के बाद अपनी पहली फिफ्टी सिर्फ 20 गेंदों में बनाई। स्टोइनिस 4 चौके और 6 छक्कों की मदद से 22 गेंदों में 62 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे और टीम के स्कोर को 222 रनों पर पहुंचा दिया।

महंगे साबित हुए पंजाब किंग्स के गेंदबाज

पंजाब किंग्स की ओर से हरप्रीत ब्रार (4 ओवर 25 रन) और यूजी चहल (चार ओवर 36 रन तीन विकेट) किफायती रहे बाकी के सभी गेंदबाज काफी महंगे साबित हुए। अर्शदीप सिंह ने वैभव सूर्यवंशी के रूप में एक विकेट जरूर लिया लेकिन उन्होंने 4 ओवर में 68 रन खर्च कर दिए। फर्ग्यूसन ने 4 ओवर में 57 रन लुटाए जबकि, 3.2 ओवर में मार्को यान्सेन ने 41 रन खर्चे।

पंजाब किंग्स (प्लेइंग इलेवन): प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), प्रियांश आर्य, श्रेयस अय्यर (कप्तान), कूपर कोनोली, सूर्यांश शेडगे, नेहल वढेरा, मार्कस स्टोइनिस, मार्को जानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल

राजस्थान रॉयल्स (प्लेइंग इलेवन): वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग (कप्तान), डोनोवन फरेरा, रवींद्र जड़ेजा, दासुन शनाका, जोफ्रा आर्चर, नंद्रे बर्गर, ब्रिजेश शर्मा, यश राज पुंजा

राजस्थान की ओर से यशराज पुंजा को 2 और नांद्र बर्गर और आर्चर को एक-एक विकेट मिले। सभी गेंदबाज महंगे साबित हुए और अपने चार ओवर के स्पेल में जडेजा को छोड़कर सभी ने 40 से ऊपर रन दिए। जडेजा ने चार ओवर में 32 रन खर्चे। राजस्थान रॉयल्स ने फरेरा, सूर्यवंशी और जायसवाल की पारी से जीत हासिल की।

223 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की टीम ने हमेशा की तरह विस्फोटक शुरुआत की और सिर्फ पहली 19 गेंदों में ही 50 रन पूरे कर लिए। टीम का स्कोर जब 51 रन था तब वैभव सूर्यवंशी 16 गेंदों में 43 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद यशस्वी जायसवाल और धुव्र जुरैल ने पारी को संभाला। जायसवाल ने 27 गेंदों में 51 रनों की पारी खेली, जबकि ध्रुव जुरैल ने 20 गेंदों में 16 रन बाए। इन बल्लेबाजों के आउट होने के बाद रियान पराग और फरेरा ने पारी को संभाला। हालांकि, 16 गेंदों में 29 रन बनाकर फरेरा यूजी चहल की गेंद पर चलते बने। फरेरा और इंपैक्ट प्लेयर के रूप में आए शुभम दुबे ने राजस्थान रॉयल्स की जीत को सुनिश्चित किया। डोवानन फरेरा ने 26 गेंदों में 52 रन बनाए जबकि शुभम दुबे ने 12 गेंदों में 31 रनों की इंपैक्टफुल पारी खेली और 19.2 ओवर में ही 223 के लक्ष्य को आसानी से 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

पॉइंट्स टेबल पर इन टीमों की स्थिति

इस जीत के साथ राजस्थान रॉयल्स की टीम 9 मैचों में 6 जीत और 3 हार के साथ 12 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल पर तीसरे पायदान पर पहुंच गई है, जबिक पंजाब किंग्स 8 मैचों में 6 जीत, 1 हार और 1 रद्द मैच की वजह से 13 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल पर टॉप पर बनी हुई है।

एक नजर में

अंकसूची व मूल दस्तावेजों के लिये भटक रही छात्रा को कलेक्टर ने पहल कर दिलाई अंकसूची

ग्वालियर 28 अप्रैल। अंकसूची एवं अन्य शैक्षणिक मूल दस्तावेज हासिल करने के लिये भटक रही उत्तरप्रदेश के जालौन जिले की निवासी नर्सिंग छात्रा कु. आराधना को जन-सुनवाई ने सहारा दिया है। इस छात्रा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में पहुँचकर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान से मूल दस्तावेज दिलाने की गुहार लगाई थी। जन-सुनवाई में आराधना ने कलेक्टर को अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि मैंने ग्वालियर स्थित श्री व्यंकटेश एज्यूकेशन एकेडमी से बीएससी नर्सिंग कोर्स की डिग्री पूर्ण कर ली है। कॉलेज द्वारा मेरा कोर्स कंप्लीशन सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया गया है। मेरे द्वारा सम्पूर्ण फीस जमा किए जाने का नोड्यूज सर्टिफिकेट मुझे मिल चुका है। परंतु मेरी अंकसूची व अन्य शैक्षणिक मूल दस्तावेज नहीं दिए जा रहे हैं। उसने यह भी जानकारी दी कि सुधांशु मंगल नामक व्यक्ति ने स्वयं को कॉलेज का प्रोफेसर बताकर मुझे गुमराह किया है। उसी के माध्यम से मेरे द्वारा कॉलेज में एडमिशन लिया गया था और फीस इत्यादि जमा की गई थी। अब मुझसे 30 हजार रुपए मांगे जा रहे हैं। कलेक्टर रुचिका चौहान ने छात्रा की बात को गंभीरता से लिया और संबंधित कॉलेज से अधिकारियों से संपर्क कराया और कॉलेज प्रबंधन को साफ तौर पर आगाह किया कि यदि आज छात्रा को मार्कशीट व मूल दस्तावेज नहीं उपलब्ध कराए गए तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। इसका गहरा असर हुआ और मंगलवार को सायंकाल कॉलेज के कर्मचारी कलेक्ट्रेट पहुँचे। अपर कलेक्टर कुमार सत्यम ने आराधना को मार्कशीट सौंपी।

समयपाल राजेन्द्र मुदगल को किया जनगणना कार्यालय में पदस्थ

ग्वालियर 28 अप्रैल। निगमायुक्त संघ प्रिय ने लंबे समय से अनुपस्थित रहने एवं फर्जी हस्ताक्षर कर हाजिरी प्रमाणीकरण कार्यालय में प्रस्तुत करने पर राजेंद्र मुदगल, समयपाल के अनुपस्थित दिनों को अकार्य दिवस एवं एक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव रोके जाने के दंड से दंडित किया गया है। इसके उपरांत मुदगल को निगम सेवा में ज्वाइन करते हुए जनगणना कार्यालय बाल भवन में पदस्थ किया गया है। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय द्वारा जारी आदेशानुसार राजेन्द्र मुदगल, समयपाल कार्यरत जनमित्र प्रभारी, जनमित्र केन्द्र क्र.12 द्वारा 24 जुलाई 2025 को क्षेत्राधिकारी क्षेत्र क्र.12 के फर्जी हस्ताक्षर कर हाजिरी प्रमाणीकरण कार्यालय में प्रस्तुत किया गया एवं मुदगल बिना सूचना के 12 अप्रैल 2025 से 20 अप्रैल 2025 तक एवं 9 मई 2025 से बिना किसी पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से 19 नवंबर 2025 तक अनुपस्थित है। इस कारण राजेन्द्र मुदगल को 02 दिसंबर 2025 को आरोप-पत्र जारी किया गया। इसके उपरांत मुदगल द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर कार्य पर ज्वाइन किये जाने का निवेदन किया गया था। मुदगल को निगम सेवा में ज्वाइन करते हुए जनगणना कार्यालय बाल भवन में पदस्थ किया गया है।

समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी सुगम, सुविधाओं और समयबद्ध भुगतान पर विशेष जोर

ग्वालियर, 28 अप्रैल। समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए जिले में स्थापित खरीदी केंद्रों पर किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। ठंडा पानी, छांव, गुड़-चना, ओआरएस और शरबत जैसी व्यवस्थाओं से किसान संतुष्ट हैं और उपार्जन केंद्रों पर मिल रही सेवा भावना की सराहना कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा, सम्मान और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बेहतर प्रबंधन के कारण खरीदी केंद्रों पर उपार्जन प्रक्रिया सुगम, व्यवस्थित और पारदर्शी बनी हुई है। कलेक्टर रुचिका चौहान ने उपार्जन व्यवस्था से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को खरीदी केंद्रों का लगातार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि किसानों को समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसी क्रम में मंगलवार को अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने और खरीदी प्रक्रिया को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए।

आसमान से बरस रही आग , पारा 43 डिग्री पार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 अप्रैल. भीषण गर्मी और लू का सितम जारी है। शहर में दिन के साथ-साथ अब रातें भी झुलसाने लगी हैं। मंगलवार की रात इस सीजन की सबसे गर्म रातों में से एक रही, जहाँ न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.2 डिग्री अधिक यानी 29.5 डिग्री दर्ज किया गया। हालात यह

उबलने लगा टंकियों का पानी,रात में गर्म हवा से बैचेनी

हैं कि छतों पर रखी टंकियों का पानी उबलने लगा है और रात के समय चलने वाली गर्म हवाओं ने लोगों का चैन छीन लिया है। लगातार बढ़ते तापमान के कारण अब कूलर भी राहत देने में नाकाम साबित हो रहे हैं। रात के समय उमस और लपट के कारण कूलर केवल गर्म हवा फेंक रहे हैं। इसी का नतीजा है कि शहर के इलेक्ट्रॉनिक बाजारों में एसी और नए कूलरों की मांग अचानक बढ़ गई है। मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 43.4 एष्ट रहा, जो सामान्य से 2.1 डिग्री ज्यादा है। मंगलवार सुबह की शुरुआत भी प्रचंड तपिश के साथ हुई। सुबह 8:30 बजे ही पारा 35 एष्ट को पार कर गया, जिसके कारण 9 बजे से ही सड़कों पर लू के थपेड़े महसूस होने लगे। मौसम विभाग के अनुसार, दोपहर में सूरज के तेवर और भी कड़े हो गए, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ

भीषण गर्मी के बीच शादियों का सीजन आयोजकों और मेहमानों के लिए आफत बन गया है। रात के समय भी अत्यधिक तापमान होने के कारण वैवाहिक कार्यक्रमों में लोग पसीने से तर-बतर होने लगे है। गर्मी के कारण लोगों ने गरिष्ठ और मसालेदार भोजन से तौबा कर ली है। शादियों में भी लोग अब भारी पकवानों की जगह दाल-रोटी और सादे खाने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

पेय पदार्थों की डिमांड

शरीर को ठंडा रखने के लिए लोग कैरी का पना, गन्ने का रस, लस्सी, नींबू शिकंजी और नारियल पानी का सहारा ले रहे हैं।

सावधानी बरतें : दोपहर 12 से 4 बजे के बीच बेवजह बाहर निकलने से बचें और पर्याप्त मात्रा में जल का सेवन करें।

कैलादेवी मन्दिर पर हुए सुंदरकांड के पाठ और गौ-पूजन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 अप्रैल. स्थानीय रेलवे स्टेशन रोड स्थित कैलादेवी मन्दिर में 'सकल हिन्दू समाज' एवं 'भारतीय धार्मिक सांस्कृतिक जागरण संस्थान' के संयुक्त तत्वावधान में एक धार्मिक आयोजन हुआ। वैशाख शुक्लपक्ष की द्वादशी के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत कर धर्म लाभ उठाया। कैला देवी मन्दिर परिसर में शाम 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का जुटना शुरू हो गया था। आयोजकों द्वारा निर्धारित समय की पाबंदी और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया। आयोजन में पुरुष, महिलाओं और बच्चों ने सपरिवार सम्मिलित होकर संतों का आशीर्वाद लिया। आयोजन समिति के दिवाकर शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के मासिक पाठ और गौ-पूजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ना और समाज में समरसता फैलाना है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वामी ऋषभदेवानंद महाराज आदर्श गौशाला, लालटिपारा, भागवताचार्य पंडित सच्चिदानंद महाराज संतों ने अपने प्रवचनों के माध्यम से समाज में सांस्कृतिक और धार्मिक चेतना जगाने का संदेश दिया।

शहर में आवारा कुत्तों का तांडव, बुजुर्गों को बनाया निशाना

ग्वालियर। शहर में केवल सूरज की तपिश ही नहीं, बल्कि आवारा कुत्तों का आतंक भी चरम पर है। नगर निगम प्रशासन की उदासीनता का आलम यह है कि कुत्ते अब दिन-दहाड़े राहगीरों को अपना शिकार बना रहे हैं। ताजा मामला मंगलवार दोपहर का है, जहाँ विनय नगर सेक्टर-1 निवासी बंटी विजय शर्मा पर सौ फुटा रोड के पास एक काले कुत्ते ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। हैरानी की बात यह है कि शहर में आवारा कुत्तों के नियंत्रण के नाम पर कई संस्थाएं सक्रिय होने का दावा करती हैं, लेकिन धरातल पर उनकी मौजूदगी शून्य है। अस्पतालों में एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगवाने वालों की बढ़ती कतारें निगम के दावों की पोल खोल रही हैं। जब तक निगम और संबंधित संस्थाएं कागजी कार्रवाई से बाहर नहीं निकलतीं, शहरवासियों का सड़कों पर निकलना दूभर बना रहेगा। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि गर्मी बढ़ने के साथ कुत्ते अधिक आक्रामक हो गए हैं.

पशुपालक सम्मेलन 4 को, सीएम आयेंगे

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 4 मई को ग्वालियर में शिवपुरी लिंक रोड स्थित बेलागांव के समीप 'ऋषि गालव विश्वविद्यालय' के भूमिपूजन कार्यक्रम एवं मेला मैदान में आयोजित होने जा रहे विशाल 'पशुपालक सम्मेलन' में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पशुपालक सम्मेलन के माध्यम से जिले के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण भी करेंगे। कलेक्टर रुचिका चौहान ने सोमवार को आयोजित हुई अंतरविभागीय समन्वय बैठक में पशुपालक सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को गर्मी के मौसम को ध्यान में रखकर समय-सीमा में पशुपालक सम्मेलन की सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर चौहान ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्रीय पशुपालक सम्मेलन में जनप्रतिनिधिगणों व पशुपालकों के साथ-साथ पशुपालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे नागरिकों, लाभार्थियों, सफलतापूर्वक डेयरी, गौशालाओं से जुड़े सेवाभावी नागरिकों व पशुपालन से जुड़ी इकाईयां संचालित कर रहे लोगों को भी आमंत्रित करें। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर आमजनों के लिये विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएं। कलेक्टर चौहान ने निर्देश दिए कि बढ़ते हुए तापमान व गर्मी को ध्यान में रखकर कार्यक्रम स्थल पर पेयजल इत्यादि की पुख्ता व्यवस्था की जाएं। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर ओआरएस सहित प्राथमिक चिकित्सा की भी पुख्ता व्यवस्था रहे।

चंबल पेयजल प्रोजेक्ट में गुणवत्ता के साथ तेजी लाने पर जोर

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 अप्रैल. ग्वालियर शहर की दीर्घकालिक पेयजल जरूरतों को पूरा करने वाले महत्वाकांक्षी चंबल पेयजल प्रोजेक्ट को गति देने के लिए सांसद भारत सिंह कुशवाह ने

सांसद भारत सिंह कुशवाह ने नगर निगम आयुक्त के साथ किया स्थल निरीक्षण

मंगलवार को नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के साथ स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने गुणवत्ता के साथ कार्यों में तेजी लाने और तय समय-सीमा में प्रोजेक्ट पूरा करने पर जोर दिया।

सांसद कुशवाह ने मुरेना स्थिति पांचवीं बटालियन के सामने सर्विस रोड पर निर्माणाधीन डक्ट, आसन नदी पर निर्माणाधीन ब्रिज, सांक नदी पर निर्माणाधीन ब्रिज, पाइप निर्माण के लिए जरेरुआ स्थित फैक्ट्री तथा झांसी बाईपास के पास पाइप लाइन बिछाने के कार्य का निरीक्षण किया।

इस मौके पर सांसद कुशवाह ने कहा कि चंबल का पानी जल्द से जल्द ग्वालियर तक पहुंचाना केंद्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग जारी रहेगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्यों में गति के साथ गुणवत्ता भी सर्वोच्च प्राथमिकता रहे।साथ ही तकनीकी मानकों से किसी प्रकार का समझौता स्वीकारन हो।

सांसद कुशवाह ने निर्माण कार्यों की धीमी गति पर असंतोष जताते हुए संबंधित अधिकारियों और कार्य एजेंसी को निर्देश दिए निर्धारित समयावाधि में पूरा करने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट ग्वालियर के लिए दीर्घकालिक समाधान है और इसके पूरा होने पर शहर को पेयजल संकट से स्थायी राहत मिलेगी।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त संघप्रिय, अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव, कार्यपालन यंत्री श्रीमती शालिनी सिंह, सहायक यंत्री पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, फर्म प्रतिनिधि एफ़. आई. खान, निर्माण एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी एवं विभागीय अमला उपस्थित रहा।

अधिकारियों ने सांसद को अब तक की प्रगति से अवगत कराया। साथ ही कार्य पूरा करने की कार्ययोजना बताई।

माधव नगर में हुआ स्वच्छता संवाद

ग्वालियर 28 अप्रैल। नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत किए जा रहे स्वच्छता संवाद का आयोजन माधवनगर में किया गया। इस अवसर पर आमजनों ने शपथ ली कि वह नगर निगम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर शहर को साफ स्वच्छ बनाने में अपनी सहभागिता करेंगे। इस अवसर पर पूर्व सांसद, पूर्व महापौर विवेक नारायण शेजवलकर स्थानीय पार्षद अपर्णा पाटिल, नगर निगम के अपर आयुक्त टी प्रतीक राव, आईईसी टीम एवं स्थानीय नागरिक बडी संख्या में उपस्थित रहे। स्वच्छता संवाद को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद, पूर्व महापौर विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि शहर को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है, अगर हम सोचे कि नगर निगम अकेले यह कार्य कर सकती है तो यह संभव नहीं है। हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे.क्रं.01 वार्ड क्रं.01, भवन क्रं. ..., स्थान: ए.बी. रोड़ कटी घाटी पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती दुर्गा प्रसाद नागवंशी / श्री पन्नालाल के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 2000328264 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 167 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. R-1201 2600058478 दिनांक 20.01.2026 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर क्षे.क्रं. 01 पर दिनांक 28.04.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 60/2010/74056/74262/ प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
लखन चांदवानी / श्री भगवान दास चांदवानी
पता: ए.बी. रोड़ कटी घाटी, वार्ड-01
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 28-04-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे.क्रं. 18 वार्ड क्रं. 49, भवन क्रं. ..., स्थान: शनिदेव मंदिर के पीछे, तारागंज पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती विजय सिंह, रमेश, शिवचरण, महेन्द्र सिंह / स्व. श्री जगराम, श्रीमती शांति / श्री जसवंत सिंह के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000300874 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 435 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. A1330357 दिनांक 19.02.2020 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गोरखी पानी की टंकी क्षे.क्रं. 18 पर दिनांक 28.04.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 83/2010/18776/41074/ प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
हेमा प्रजापति / श्री बलराम प्रजापति
पता: शनिदेव मंदिर के पीछे, तारागंज, वार्ड-49
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 28-04-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे.क्रं. 24 वार्ड क्रं. 65, भवन क्रं. ..., स्थान: वीरपुर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती लक्ष्मी देवी प्रजापति / मदन लाल के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 2000099533 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 750 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. R-05022600198843 दिनांक 08.02.2026 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र अजयपुर क्षे.क्रं. 24 पर दिनांक 28.04.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. ... प्र.क्रं. *3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
नेहा वाधवा / परमानन्द वाधवा
पता: वीरपुर, वार्ड-65, मो: 9425999115
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 28-04-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे.क्रं. 16 वार्ड क्रं. 37, भवन क्रं. 1916, स्थान: नयापुरा बस्ती, धर्मकाँटे के पीछे पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती संतोष प्रजापति / स्व. श्री नन्दकिशोर प्रजापति के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000218843 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 368 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. A1144579 दिनांक 25.03.2017 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र जीवाजीगंज क्षे.क्रं. 16 पर दिनांक 13.04.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य.क्रं. 81/2010/38963/61153/प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
श्रीमती रूकसाना बेगम / श्री मुख्त्यार
पता: नयापुरा बस्ती, धर्मकाँटे के पीछे, वार्ड-37
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 28-04-2026

OFFICE OF THE CHIEF GENERAL MANAGER (GWALIOR REGION)
M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
प्रकाश एवं विकास
Motijheel, A.B. Road, Gwalior-474010
Phone : 0751-2448202, Fax : 0751-2448280, E-mail ID : gmpurchasegwl@gmail.com
CGM/GR/11-A/2026-27/711 Gwalior, Dated : 28.04.2026

NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)

E-tenders are invites bids from eligible bidders for following Material:-

TS No.	Particulars	Approx. Value (In. Lakh)	Tender Fee (Rs.)	EMD (Rs.)	Date of Opening of Tender
TS-130	Supply of A-4 Size Copier Paper 75 GSM	3.45 Lakhs	500 + GST @ 18% Extra	6900/-	07.05.2026 @ 15:30 Hrs.

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/125543/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER (GR)**

कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा म.प्र.
आजाद भवन टाउन हॉल, एमजी रोड खण्डवा (1) पिन कोड:- 450001.
टेलीफोन/फैक्स नं. : 0733-2223523. Email ID : comkhanda@mpurban.gov.in

क्रमांक / भण्डार / 2026 / 20 खण्डवा, दिनांक 27/04/2026

निविदा विज्ञप्ति

नगर पालिक निगम खण्डवा अंतर्गत जलप्रदाय हेतु जल शुद्धिकरण हेतु आवश्यक सामग्री क्लोरीन सिलेंडर की व्यवस्था हेतु निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाई